# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

## विज्ञप्ति संख्या– पी0आर0 ................/2021

**वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2021 में सम्मिलित होने के लिए छात्र/छात्राओं का प्रवेश पत्र (Admit Card) समिति के वेबसाईट पर जारी किये जाने के संबंध में आवश्यक सूचना :**

एतद् द्वारा राज्य के माध्यमिक स्तर के सभी मान्यता प्राप्त विद्यालय के प्रधान, वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2021 में सम्मिलित होने वाले सभी छात्र/छात्रा, उनके अभिभावक, सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक) एवं सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार को सूचित किया जाता है कि **वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2021 के इन्टरनल एसेसमेन्ट/प्रायोगिक परीक्षा (दिनांक 20.01.2021 से 22.01.2021 तक) एवं सैद्धान्तिक परीक्षा (दिनांक 17.02.2021 से 24.02.2021 तक) में सम्मिलित होने के लिए सभी छात्र/छात्राओं का प्रवेश पत्र (Admit Card) समिति के वेबसाईट biharboardonline.com पर दिनांक 10.01.2021 से अपलोड रहेगा।**

2. माध्यमिक स्तर के सभी मान्यता प्राप्त विद्यालय के प्रधान समिति के वेबसाईट **biharboardonline.com** पर अपने यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड से लॉग–इन करने के उपरांत दिनांक 10.01.2021 से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर अपने विद्यालय के सभी छात्र/छात्राओं को अनिवार्य रूप से अपने हस्ताक्षर एवं मुहर के साथ हस्तगत् कराना सुनिश्चित करेंगे ताकि विद्यालयों में आयोजित होने वाली इन्टरनल एसेसमेन्ट/प्रायोगिक परीक्षा (दिनांक 20.01.2021 से 22.01.2021 तक) एवं परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होने वाली सैद्धान्तिक परीक्षा (17.02.2021 से 24.02.2021 तक) के आयोजन में किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

3. विद्यालय प्रधान पूर्णतः आश्वस्त हो लेंगे कि विद्यालय के सभी छात्र/छात्राओं का प्रवेश पत्र डाउनलोड कर उन्हें प्राप्त करा दिया गया है और किसी भी छात्र/छात्रा को प्रवेश पत्र प्राप्त कराना अब शेष नहीं रह गया है ताकि किसी भी छात्र/छात्रा को इन्टरनल एसेसमेन्ट/प्रायोगिक परीक्षा एवं सैद्धान्तिक परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु किसी समस्या का सामना न करना पड़े।

4. यह प्रवेश पत्र जाँच परीक्षा (Sent-up Test) में उत्प्रेषित छात्र/छात्राओं के लिए ही मान्य है। यदि जाँच परीक्षा में अनुपस्थित/अनुत्तीर्ण अथवा नन–उत्प्रेषित किसी छात्र/छात्रा का प्रवेश पत्र निर्गत हो, तो उसकी मान्यता नहीं दी जाएगी एवं ऐसे छात्र/छात्राओं के प्रवेश पत्र डाउनलोड कर विद्यालय प्रधान किसी भी परिस्थिति में हस्तगत् नहीं करायेंगे।

5. अंकनीय है कि समिति द्वारा बकाया पंजीयन/परीक्षा शुल्क को जमा करने हेतु विद्यालय प्रधान को कई बार अवसर प्रदान किया गया था। इसके बावजूद अभी भी कतिपय छात्र/छात्राओं का संबंधित विद्यालय प्रधान द्वारा बकाया पंजीयन/परीक्षा शुल्क जमा नहीं किया गया है। **ऐसे छात्र/छात्राओं का प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जायेगा किन्तु ऐसे संबंधित विद्यालय प्रधान को दिनांक 14.01.2021 तक निर्दिष्ट राशि जमा करने का अवसर दिया जाता है।** छात्रहित में संबंधित विद्यालय के प्रधान दिनांक 10.01.2021 से 14.01.2021 तक की अवधि में अनिवार्य रूप से बकाया पंजीयन/परीक्षा शुल्क जमा करना सुनिश्चित करेंगे। इसके लिए समिति का पोर्टल खुला रहेगा। यदि ऐसे परीक्षार्थियों का बकाया पंजीयन/परीक्षा शुल्क विद्यालय प्रधान द्वारा उक्त अवधि में जमा नहीं किया जाता है, तो ऐसे परीक्षार्थियों का प्रवेश पत्र जारी नहीं करते हुए परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

6. **निर्दिष्ट अवधि (दिनांक 10.01.2021 से 14.01.2021) में बकाया राशि (पंजीयन एवं परीक्षा शुल्क) समिति के पोर्टल पर ऑनलाइन भुगतान कर दिया जाता है, तो वैसे छात्र/छात्राओं का प्रवेश पत्र निर्गत कर दिया जायेगा।** इस तरह वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2021 में सम्मिलित होने वाले वैसे छात्र/छात्रा एवं अभिभावक जिनके द्वारा किसी कारणवश अभी तक अपने विद्यालय में पंजीयन अथवा परीक्षा शुल्क की राशि जमा नहीं किये हैं, वे अनिवार्य रूप से बकाया पंजीयन अथवा परीक्षा शुल्क की राशि विद्यालय प्रधान को हस्तगत कराना सुनिश्चित करेंगे ताकि विद्यालय प्रधान द्वारा उक्त निर्धारित अवधि में बकाया पंजीयन/परीक्षा शुल्क ऑनलाइन जमा किया जा सके।

7. विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि समिति द्वारा वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2021 में सम्मिलित होने हेतु विद्यालय प्रधान के माध्यम से ऑनलाइन भरे गये पंजीयन/परीक्षा आवेदन एवं सभी छात्र/छात्राओं का डमी प्रवेश पत्र जारी करने के बाद छात्रहित को ध्यान में रखते हुए परिलक्षित त्रुटियों का ऑनलाइन संशोधन हेतु

समिति द्वारा विभिन्न विज्ञप्तियों के माध्यम से कई बार अवसर प्रदान किया गया था। तद्नुसार ही समिति द्वारा सभी छात्र/छात्राओं का प्रवेश पत्र निर्गत किया गया है। सभी छात्र/छात्राओं के निर्गत प्रवेश पत्र के अनुसार ही इन्टरनल एसेसमेन्ट/प्रायोगिक परीक्षा एवं सैद्धान्तिक परीक्षा का संचालन एवं उनमें छात्रों का सम्मिलित किया जाएगा। किसी भी विद्यालय प्रधान/परीक्षा केन्द्राधीक्षक द्वारा छात्र/छात्राओं के निर्गत प्रवेश पत्र से भिन्न विषयों की परीक्षा नहीं ली जाएगी और ना ही प्रवेश पत्र में किसी प्रकार का संशोधन किया जाएगा अथवा किसी संशोधित बिन्दु की स्वीकृति दी जाएगी।

8. यदि विद्यालय प्रधान/परीक्षा केन्द्राधीक्षक द्वारा किसी छात्र/छात्राओं के निर्गत प्रवेश पत्र में संशोधन किया जाता है अथवा संशोधित बिन्दु की स्वीकृति दी जाती है तथा प्रवेश पत्र से भिन्न विषयों की परीक्षा ली जाती है, तो वैसे विद्यालय प्रधान/परीक्षा केन्द्राधीक्षक के विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनिक एवं कानूनी कार्रवाई करते हुए निलंबन हेतु सक्षम प्राधिकार से अनुशंसा की जाएगी।

9. ऑनलाइन प्रवेश पत्र डाउनलोड करने एवं पंजीयन/परीक्षा शुल्क जमा करने में किसी प्रकार की असुविधा होने पर समिति के हेल्पलाईन नं0–0612–2232074, 2232257, 2232239, 2230051 एवं 2232227 पर सम्पर्क किया जा सकता है अथवा E-mail Id : bsebsehelpdesk@gmail.com पर सूचित कर किसी समस्या का त्वरित समाधान प्राप्त किया जा सकता है।

09/01/2021

**परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।
9/1/2021

ज्ञापांक : के0-26 / पटना, दिनांक : 09 / 01 / 2021

प्रतिलिपि : 1. जन सम्पर्क पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ एवं दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

2. सभी जिला पदाधिकारी एवं सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

3. प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 डाटासॉफ्ट कम्प्यूटर सर्विसेज प्रा0 लि0 को सूचनार्थ एवं निदेशित किया जाता है कि उपर्युक्त के अनुसार कार्रवाईमूलक व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाय एवं दिनांक 10.01.2021 से सभी छात्र/छात्राओं का विधिवत् त्रुटिरहित प्रवेश पत्र (नन–उत्प्रेषित, अनुपस्थित/अनुत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को छोड़कर) ऑनलाइन जारी किया जाय एवं बकाया पंजीयन/परीक्षा शुल्क के जमा हेतु भी अनिवार्य व्यवस्था की जाय तथा किसी प्रकार की समस्या/शिकायत मिलने पर उसका तत्क्षण निराकरण कराया जाय।

4. मुख्य प्रबंधक, इलाहाबाद बैंक, बिहार इन्टरमीडिएट शिक्षा परिषद्, बुद्धमार्ग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

5. उप निदेशक, आई0टी0 (माध्यमिक)/सिस्टम एनालिस्ट को सूचनार्थ एवं निदेशित किया जाता है कि उपरोक्त तथ्यों के आलोक में अपने स्तर से आवश्यक कार्रवाई करते हुए एजेंसी से समन्वय स्थापित कर अनिवार्य व्यवस्था की जाय एवं इसकी जाँच कर आश्वस्त हो लें कि सभी छात्र/छात्राओं का त्रुटिरहित प्रवेश पत्र निर्गत एवं शुल्कादि जमा करने हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई है। उक्त कार्यों का सतत् निरीक्षण एवं अनुश्रवण करते हुए उत्पन्न किसी समस्या को तत्क्षण निराकरण कराया जाय। साथ ही साथ किसी भी परिस्थिति में जिन विद्यालयों की मान्यता/संबद्धता रद्द/निलंबित/वापस ली जा चुकी है, वैसे विद्यालयों से किसी भी छात्र/छात्राओं का प्रवेश पत्र निर्गत नहीं हो, का नियमित पर्यवेक्षण करना सुनिश्चित करेंगे तथा सतर्क रहेंगे। यह भी निदेश है कि इस विज्ञप्ति में अंकित आवश्यक सूचनाओं से जिला शिक्षा पदाधिकारी संबंधित विद्यालय के प्रधान तथा परीक्षार्थियों को अवगत कराने हेतु इसे समिति के निर्दिष्ट **Mobile App** पर अनिवार्य रूप से डालना सुनिश्चित करेंगे।

6. अध्यक्ष/सचिव के आप्त सचिव, विशेष कार्य पदाधिकारी, परीक्षा नियंत्रक (उ0मा0) एवं निदेशक, आई0टी0 को सूचनार्थ प्रेषित।

09/01/2021

**परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

9/1/2021 9/1/2021 9/1/2021

Newspaper C1_21_4